**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**2nd TERM EXAMINATION, MARCH -2019**

**2nd LANGUAGE HINDI**

**CLASS : VII** **TIME : 2½ Hrs.**

**MAX. MARKS: 80**

..........................................................................................................................................

**(खण्ड – क)**

**01. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

हँसी जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। वह शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखती है। हमेशा हँसते रहने वाला व्यक्ति जीवन की परेशानियों को चुटकी में सुलझा लेता है। निराशा उसके पास नहीं फटकती। हँसी पाचन शक्ति बढ़ाती है, रक्त के बहाव को संतुलित रखती है, मस्तिष्क को तनाव मुक्त करती है। डाक्टरों का भी यही कहना है कि हँसी एक शक्तिशाली दवा होती है, जिससे व्यक्ति की सकारात्मक सोच विकसित होती है और बीमारियाँ पास नहीं फटकती हैं। मनुष्य जीवन का उद्देश्य केवल हँसना-हँसाना ही नहीं है, बल्कि जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करना भी है। जीवन के लक्ष्य आसानी से नहीं मिलते है। हँसते - हँसाने वाला व्यक्ति आसानी से लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में आने वाली परेशानियों को झेल लेता है, उन्हें अपनी सकारात्मक सोच से दूर करने का प्रयास करता है और लक्ष्य की ओर पूरे आत्मविश्वास से कदम बढ़ाता है। कहा जाता है कि अपने शत्रु को हँसाओ, वह तुम्हारा मित्र बन जाएगा।

(क) हँसी हमारे शरीर और मस्तिष्क को किस प्रकार स्वस्थ रखती है ? 2

(ख) हँसी जीवन के लक्ष्य को पाने में किस प्रकार सहायक होती है 2

(ग) हमेशा हँसते रहने वाले व्यक्ति की क्या विशेषता होती है ? 1

**02. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

चिड़िया को लाख समझाओ, कि पिंजरे के बाहर धरती बड़ी निर्मम है,
वहाँ हवा में उसे अपने जिस्म की गंध तक नहीं मिलेगी।
यूँ तो बाहर समुद्र है, नदी है, झरना है, पर पानी के लिए भटकना है।
यहाँ कटोरी मे भरा जल गटकना है।
बाहर दाने का टोटा है, यहाँ चुग्गा मोटा है।
बाहर बहेलिए का डर है, यहाँ निर्द्वंद्व कंठ स्वर है।
फिर भी चिड़िया मुक्ति का गाना गाएगी
मारे जाने की आशंका से भरे होने पर भी

पिंजरे से जितना अंग निकल सकेगा, निकालेगी
हरसूँ ज़ोर लगाएगी,
और पिंजरा टूट जाने या खुल जाने पर उड़ जाएगी।

**प्रश्नः-**

(क) चिड़िया पिंजड़े के अंदर क्यों खुश नहीं रहती? 2

(ख) पिंजरे से बाहर निकलने के लिए चिड़िया क्या करेगी? 2

**3. व्याकरण**

**(क) विलोम शब्द लिखिए-** **1**

खूबसूरत, पक्की

**(ख) रेखांकित शब्दों का वचन बदलकर वाक्यों को पुन- लिखिए-** **1**

i. आजकल **<u>गाड़ी</u>** बैटरी से चल रही है।

ii. तूफ़ान के कारण **<u>पेड़</u>** गिर गया।

**(ग) रेखांकित का कारक भेद लिखिए-** **1**

(i) **<u>रीनू की</u>** नानी मंदिर गई है।

(ii) **<u>छत पर</u>** बंदर नाच रहा है।

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** **2**

गिरि, सिंधु

**ङ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-** **2**

i. बड़ों की आज्ञा मानने वाला

ii. जो इस लोक का न हो

iii. त्याग करने वाला

iv. जिसे कोई हिला न सके

**(च) निम्नलिखित में संधि कीजिए-** **2**

महा + एश्वर्य, अति + आचार

**(छ) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए-** **2**

गिरहकट, नगरवास

**(ज) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए-** **2**

i. गंगा भारत का पवित्र नदी मानी जाती है।

ii. आप कब दिल्ली जाओगे?

**(झ) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-** **2**

फूले न समाना, पौ बारह होना

4. समय बरबाद न करने की सलाह देनेवाले पिता और पुत्र के बीच लगभग 40 शब्दों में संवाद लिखिए। 3

5. अपनी बहन के विवाह में आमंत्रित करते हुए मित्र को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए।

**6. किसा एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-** **5**

परोपकार, गणतंत्र दिवस, सच्ची मित्रता

**7. नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 से 60 शब्दों में वर्णन कीजिए-** **3**



**(खण्ड - ख)**

**8.**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

मुरारी और मोहन में बहस हो रही थी कि आसन कहा जमाया जाए? मुरारी प्लेटफार्म पर ही दरी बिछाकर बैठना चाहता था। मोहन की राय थी कि सामने कुँए की जगत पर बैठक जमे । पर मैंने जो राय दी वह अपनी नवीनता के कारण सबको पसंद आई। स्टेशन के बिलकुल समीप और रेल की पटरियों से कुछ दूरी पर पानी की टंकी थी। ज़मीन से करीब 20 फुट की ऊँचाई पर यह लोहों के खंभों के ऊपर बिठाई हुई थी। चढ़ने के लिए साथ में लोहे की पतली सीढ़ी रखी थी। टंकी ऊपर से ढकी हुई थी। मैंने कहा क्यों न इस टंकी पर चढ़कर बैठ जाएँ। चाँदनी रात में बढ़ा मज़ा आएगा।

प्रश्नः-

(क) मुरारी और मोहन में क्या बहस हो रही थी ? 2

(ख) लेखक की राय क्या थी और सबको क्यों पसंद आई ? 2

(ग) लेखक ने पानी की टंकी पर बैठने की सलाह क्यों दी? 1

**9. "तूफानों की ओर" नामक कविता का सारांश लिखिए। 4**

**10. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 5**

(क) नौकरी में------------की ओर ध्यान मत देना।

(ख) समूची देह में-----------लग गया है।

(ग) पाँच मील का रास्ता मेरे लिए ----------- हो गया।

(घ) नेहरूजी ने अपनी बेटी को ------------------ देश की सभ्यता के बारे में लिखा था।

(ङ) ---------- आज्ञा थी कि हमारी बेड़ियों की कीलों की जाँच कर ली जाए।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए- 5**

(क) क्रांतिकारी कौन-सा गीत गा रहे थे ?

(ख) ममी किसे कहते हैं ?

(ग) यशोदा बार-बार किसे बुला रही हैं ?

(घ) लेखक को मुरारी पर ही क्रोध क्यों आ रहा था ?

(ङ) मुंशी वंशीधर को कर्तव्य पर डटे रहने की क्या सज़ा मिली ?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3X5=15**

(क) "तूफानों की ओर" नामक कविता में किसे, क्या प्रेरणा दी गई है ?

(ख) न्यायालय में मुंशी वंशीधर को कैसा अनुभव हुआ ?

(ग) लेखक ने अपने मित्रों को कहाँ बैठने की सलाह दी और क्यों?

(घ) कवि ने माता यशोदा के वात्सल्य का किस प्रकार वर्णन किया है।

(ङ) स्फिंक्स की मूर्ति की क्या विशेषता है?

**13. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3X2=6**

(क) लोग बूढ़े कुत्ते के साथ कैसा व्यवहार करते थे?

(ख) जिसे कभी सुरक्षा चाहिए थी वही मेरे घर- आँगन का प्रहरी बन गया-आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) बीमार और अशक्त पशुओं के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए?

------------